कार्यालय प्राचार्य,राजकीय विज्ञान महाविद्यालय,सीकर
(E-Mail : skgcsikar@gmail.com Ph. Number :+911572-297020)

भीम BhIM भारत इंटीग्रेशन मिशन

दिनांक : 12.09.2022

सूचना

सत्र 2022–23 हेतु एन.सी.सी.कैडेट्स की भर्ती

महाविद्यालय के बी.एससी. प्रथम वर्ष के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2022–23 हेतु एनसीसी कैडेट्स की भर्ती दिनांक 22 सितम्बर 2022 को कमान अधिकारी, 3 राज बटालियन एनसीसी, सीकर के द्वारा केन्द्रीय विद्यालय, सबलपुरा, सीकर के मैदान में प्रातः 8:00 बजे से की जायेगी। एनसीसी प्लाटून में भर्ती होने के इच्छुक विद्यार्थी पूर्व में सूचित प्रकियानुसार दिनांक 19.09.2022 तक ncc.gov.admin वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन करना सुनिश्चित करें, क्योंकि निर्धारित दिनांक तक सफल ऑनलाईन आवेदन करने वाले विद्यार्थी ही दिनांक 22.09. 2022 को होने वाली भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेंगें।

भर्ती प्रक्रिया फिजीकल, लिखित व साक्षात्कार नामक तीन चरणों में सम्पन्न होगी। फिजीकल टेस्ट में निर्धारित दौड़, पुश–अप, सिट–अप, बीम आदि होंगे। इसके बाद अभ्यर्थी को लिखित एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरना होगा। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी को अपने साथ पीने के पानी एवं निम्नांकित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

1. 10 वी. व 12 वी कक्षा की मूल अंकतालिका एवं उसकी फोटो प्रति
2. कालेज फीस रसीद व वोटर पहचान पत्र की मूल व फोटो प्रति
3. आधार कार्ड की मूल व फोटो प्रति
4. खेल कूद से संबंधित प्रमाण पत्र व पूर्व में NCC रही है तो उसका प्रमाण पत्र
5. पासपोर्ट फोटो – तीन
6. लिखित परीक्षा हेतु तख्ती एवं 10 सफेद पन्ने
7. ऑन लाईन आवेदन के तहत लगाये गये प्रमाण पत्र (CWS नॉमीनेशन फार्म, मेडिकल प्रमाण पत्र व सहमति प्रमाण पत्र)

नोट– अभ्यर्थियों को भर्ती स्थल पर निर्धारित समय पर आवश्यक रूप से पहुँचना होगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी विद्यार्थी को अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा।

12.09.2022

(डॉ. सुनिता सिंह)
एन.सी.सी. प्रभारी अधिकारी
एस.डी.प्लाटून

प्राचार्य
राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, सीकर

Scanned by CamScanner

कार्यालय प्राचार्य,राजकीय विज्ञान महाविद्यालय,सीकर
(E-Mall : skgcslkar@gmall.com Ph. Number :+911572-297020)

दिनांक : 13.09.2022

संशोधित सूचना

सत्र 2022–23 हेतु एन.सी.सी.कैडेट्स की भर्ती

महाविद्यालय के बी.एससी. प्रथम वर्ष के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2022–23 हेतु होने वाली एनसीसी कैडेट्स की भर्ती की सूचना में कुछ संशोधन किया गया है। पूर्व में सूचित प्रक्रियानुसार दिनांक 19.09.2022 तक ncc.gov.admin वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन तकनीकी समस्या के कारण संभव नहीं हो पा रहा है। अतः समस्त विद्यार्थी दिनांक 14.09.2022 से 19.09.2022 आवेदन पत्र एन.सी.सी. कार्यालय (कक्ष संख्या 16) से प्रातः 11:00 बजे से 3:00 बजे तक प्राप्त कर भरने के पश्चात् दिनांक 19.09.2022 तक आवश्यक रूप से जमा करावें।

शेष सूचना यथावत है।

13.09.2022
(डॉ. सुनिता सिंह)
एन.सी.सी. प्रभारी अधिकारी
एस.डी.प्लाटून

प्राचार्य
राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, सीकर

Scanned by CamScanner